आकाशवाणी
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.04.2024 समय : 07.10Pm

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए आज हुई नामांकन पत्रों की जांच, प्रत्याशी सोमवार तक ले सकेंगे नाम वापस।
- प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए संचालित की जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियां ।
- देश अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन करने के लिए तैयार, कहा प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने।
- अगले 24 घंटो में इंदौर,जबलपुर सहित 19 जिलों में बारिश की संभावना।

नाम निर्देशन पत्र

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच आज की गई। इस चरण में दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 94 संसदीय सीटों के लिए 7 मई को चुनाव होगा। प्रदेश में तीसरे चरण में कुल 144 अभ्यर्थियों द्वारा 223 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये। मुरैना–श्योपुर लोकसभा क्षेत्र से 18 प्रत्याशियों द्वारा जमा किये गये नामांकन की जांच के दौरान दो प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गये हैं। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर द्वारा जमा किया गया प्रतिष्ठानी प्रत्याशी के रूप में नामांकन भी निरस्त कर दिया गया है। अब चुनावी मैदान में 16 प्रत्याशी शेष हैं। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में प्राप्त हुए नाम–निर्देशन पत्रों की जाँच में एक उम्मीदवार का नामांकन विभिन्न त्रुटियों की वजह से निरस्त हुआ। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। वहीं चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। आज खंडवा में भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल और कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र पटेल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया । वहीं मंदसौर में आज बीजेपी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने अपना नाम निर्देशन निर्देशन पत्र जमा किया। नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 25 अप्रैल है। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की जांच की जाएगी। 29 अप्रैल तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। चौथे चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

मतदाता जागरुकता

प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज देवास जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरोठा के शिक्षक, शिक्षिकाओं ने वाहन रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया तथा सभी से लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने की अपील की। खरगोन में मतदाता जागरूकता गतिविधियां की श्रृंखला में इंदौर संभाग आयुक्त, दीपक सिंह और पुलिस महानिरीक्षक इंदौर–ग्रामीण द्वारा आज बुलावा अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके अन्तर्गत अगले 10 दिनों में हर घर में मतदाता से संपर्क किया जाकर उन्हें 13 मई को मतदान करने का निमंत्रण दिया जायेगा।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

सीजेआई–सम्मेलन

भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि नए आपराधिक कानूनों का लागू होना स्पष्ट रुप से दर्शाता है कि देश बदल रहा है और आगे बढ रहा है। आज नई दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. चन्द्रचूड़ ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम – इन तीनों आपराधिक कानूनों का लागू होना दर्शाता है कि देश अपनी आपराधिक न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों ने आपराधिक न्याय की दिशा में भारत के कानूनी ढांचे को एक नए युग में बदल दिया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग पर जोर देते हुए डॉ. चन्द्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक जांच के मामलों में न्यायपालिका को एआई की मदद से जांच की प्रगति में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाओं में असमान्यता का पता लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ये सभी नए कानून तभी सफल होंगे जब देश का प्रत्येक नागरिक इन्हें अपनाएगा। वहीं कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि 21वीं सदी में नए आपराधिक कानूनों का लागू होना एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि इन कानूनों में ऑनलाइन जांच और ई–फाइलिंग जैसे विशेष प्रावधान भी शामिल हैं।

मौसम

प्रदेश में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद फिर गर्मी का असर शुरु हो गया हैं। दिनभर तेज धूप के कारण तापमान में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। हॉलांकि  मौसम विभाग ने राज्य में अगले 3 दिनों में इंदौर,जबलपुर सहित 19 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। आंधी के सथ बारिश का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 21 से 23 अप्रेल तक प्रदेश में पश्चिमी विछोभ का असर रहेगा। इसके चलते बूंदाबादी और आंधी का दौर रहेगा। 21 अप्रेल कोइंदौर,देवास,खरगोन,खंडवा,बुरहानपुर,हरदा,नर्मदापुरम,बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना,नरसिंहपुर,जबलपुर,सिवनी,मंडला कटनी, उमरिया,डिंडोरी, शहडोल, और अपूपपुर जिलों में बारिश के आसार है। 22 अप्रेल को नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सिवनी,मंडला, बालाघाट,डिंडोरी और अनूपपुर में बारिश हो सकती है। जबकि 23 अप्रेल को सिवनी,मंडला और बालाघाट जिलों में बारिश होने की संभावना है।

ई.पी.एफ.ओ. – आंकडे

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में इस वर्ष फरवरी के महीने में 15 लाख 48 हजार नए सदस्य जुड़े। इसका सबसे उल्लेखनीय पहलू यह है कि नए सदस्यों में अधिकांश 18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग के हैं। कुल नए सदस्यों का यह 56 दशमलव तीन छह प्रतिशत है। इससे जाहिर होता है कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश लोग युवा हैं।

महिला कुश्ती

भारतीय महिला कुश्ती में भाग लेने वाली विनेश फोगाट, अंशु मलिक, रीतिका और मानसी ने आज क्रिगिस्तान के बिशकेक में एशियाई ओंलिपिक क्वालिफायर के सेमीफाईनल में जगह बना ली है।

विनेश ने कम्बोडिया की प्रतिद्वंद्वी समानांग डीट को पराजित किया जबकि 2021 की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अंशु मलिक ने क्रिगिस्तान की कलमिरा बिलिम्ब ऐकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हरा दिया।

23 वर्ष से कम आयु की विश्व चैंपियन रीतिका ने चीन की अपनी प्रतिद्वंद्वी जुवानवांग को पराजित किया। उधर मानसी ने क्रिगिस्तान की इरिना कुजनेतसोवा को हराया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- लोकसभा निर्वाचन  के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र गुना के विधानसभा गुना–बमोरी के लिए बी. सुनील कुमार को व्यय प्रेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है।

- लोकसभा चुनाव की ड्यूटी कर लौट रहे जवानों की बस आज तड़के बैतूल जिले में खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में बस में सवार 40 जवानों में से 21 घायल हो गए, जिनमें 9 को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन में संसदीय क्षेत्र विदिशा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक मेहुल भारत जैन ने खातेगांव विधानसभा में निरीक्षण किया।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार थीम पर 7 से 21 अप्रैल तक मनाये जा रहे कार्यक्रमों की कड़ी में आगरमालवा स्थित शासकीय नेहरू महाविद्यालय में कल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।
- लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत शिवपुरी जिले में मतदान दलों में शामिल कर्मचारियों का प्रशिक्षण 27 से 29 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।
- सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की ताजा जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में सीहोर जिला इस माह भी प्रदेश में पहले स्थान पर आया है।
- धार जिले में आज दोपहर इंदौर अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त होने से एक यात्री की मौत हो गई वहीं 31 अन्य यात्री घायल हो गए ।

........................